1	2	3
60.	श्रीनगर	1680.0
61.	सूरत	2900.0
62.	विजयवाड़ा	5300.0
63.	अकूरबस्ती	3600.0
64.	ताडोपाली	2900.0
65.	हुबली	5300.0
66.	जिन्द	5300.0
67.	मथुरा	6050.0
68.	बम्बई (शोधनशाला)	15700.0
69.	विशाखा (शोधनशाला)	10600.0
70.	गांधी नगर	1200.0
71.	कसना	1200.0
72.	होशियारपुर	1200.0
	जोड़ :	600550.0

करनाल तेल शोधक कारखाने के निर्माण कार्य में विलम्ब

793. श्री राम नरेश यादव : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि करनाल तेल शोधक कारखाने के निर्माण में कार्य में विलम्ब होने की सम्भावना है ;

(ख) यदि हां तो क्या यह भी सच है कि इस में विलम्ब होने के कारण इस परियोजना के निर्माण कार्य की लागत भी बढ़ गई है ;

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इसके निर्माण कार्य में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ; और

(घ) इस सिलसिले में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम०एस० गुरुपदस्वामी) : (क) से (घ) इस परियोजना के लिए सोवियत सहायता की शर्तों और कार्य क्षेत्र पर अभी बातचीत चल रही है । इस बातचीत के पूरा होने के बाद ही लागत में सम्भावित वृद्धि और परियोजना को पूरा करने के कार्यक्रम के बारे में निश्चित रूप से कहा जा सकता है ।

प्राकृतिक गैस का अपव्यय और इसका प्रयोग

794. श्री राम नरेश यादव : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई हाई से प्रति वर्ष लगभग 750 करोड़ रुपये की प्राकृतिक गैस वस्ट हो रही है ;

(ब) यदि हां, तो क्या देश के अन्य रसायन उत्पादक केन्द्रों से भी इसी प्रकार प्राकृतिक गैस नष्ट हो रही है ;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसकी कितनी वार्षिक हानि होने का अनुमान लगाया गया है ;

(घ) क्या सरकार उक्त हानि को समाप्त करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कोई योजना बनाने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम०एस० गुरुपदस्वामी) : (क) इस समय पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र में लगभग 13.6 मि० घन प्राकृतिक गैस प्रतिदिन जलाई जा रही है ।

(ख) देश के अन्य भागों में भी जहां कच्चे तेल का उत्पादन किया जाता है गैस जलाई जा रही है। इन क्षेत्रों में जलाई जा रही गैस की कुल मात्रा लगभग 3.3 मि० घन मी० प्रति दिन है।

(ग) इस तरह से जलाई जाने वाली समस्त गैस की कुल कीमत 500/- रुपये प्रति 1000 घन मी० गैस के सांकेतिक मूल्य पर 300 रुपये वार्षिक होगा । तथापि 1989-90 के दौरान देश में मौजूदा मूल्यों के आधार पर इस गैस की कुल कीमत लगभग 800 करोड़ रुपये होगी ।

(घ) और (ङ) पश्चिमी अपतटीय क्षेत्रों में पर्याप्त इकट्ठापहन सुविधाओं की कमी के कारण गैस जलाई जाती है। अतिरिक्त सुविधाएं लगाने का प्रस्ताव है ताकि इस क्षेत्र को तट पर लाया जा सके और इसे उपभोक्ताओं को सप्लाई किया जा सके। इस संबंध में इस क्षेत्र के दौरान स्थित सिंटवर्ती डिमिनल से जोड़ने के लिए एक उत्पादन पाईप लाईन डाली जानी है और इसके 1990-91 के दौरान चालू हो जाने की आशा है । इसके अलावा अन्य पाइपलाइनों और सम्बद्ध सुविधाओं के लिए भी योजना बनाई जा रही है।

Treatment of AIDS patients at the AIIMS

795. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the All India Institute of Medical Sciences, New Delhi has recently taken a decision not to entertain AIDS infected patients till the AIDS unit is established ;

(b) whether the AIIMS had urged Government about two years back to grant clearance for the setting up of AIDS unit in the Institute ;

(c) if so, whether Government have since taken any decision in this regard ; and

(d) what other steps Government propose or contemplate to provide treatment to AIDS infected patients in the AIIMS till a full fledged unit is set up?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI NILAMANI ROUTRAY) : (a) The All India Institute of Medical Science has temporarily suspended the admission of HIV positive cases from 6-2-90 in order to streamline and update the treatment and management facilities for AIDS patients.

(b) and (c) At the request of AIIMS, an amount of Rs. 60.00 lakhs has been sanctioned to All India Institute of Medical Sciences for purchase of equipment and for establishment of AIDS unit on immediate basis.